विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते सीएम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### इगास बग्वाल पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, की आतिशबाजी

**संवाददाता** देहरादून। वरिष्ठ भाजपा नेता व राज्य आंदोलनकारी दिनेश रावत द्वारा कैंट विधानसभा क्षेत्र के इंदिरा नगर कॉलोनी में ईगास बग्वाल पर्व के अवसर पर क्षेत्रवासियों के साथ भेलौ खेला गया, साथ ही आतिशबाजी भी की गयी। सभी क्षेत्रवासियों ने एक–दूसरे को पहाड़ी अरसे व मिठाई खिलाकर ईगास बग्वाल की शुभकामनाएं दी व निरन्तर इस तरह के आयोजन करवाने हेतु दिनेश रावत का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर लोगों को पहाड़ी अरसे खिला कर बधाई दी गयी।

### पूर्व सैनिकों एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह आयोजित

**संवाददाता** ऋषिकेश। इगास पर्व पर आज श्यामपुर के अंतर्गत खदरी क्षेत्र में पूर्व सैनिकों एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने पूर्व सैनिकों का माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सैनिकों को सम्मान देना हमारा कर्तव्य बनता ही है, लेकिन कितना भी सम्मान दिया जाए वो कम पड़ेगा, शब्दों में उसको बयान करना तो और भी कम पड़ेगा।उन्होंने कहा की सैनिक और पूर्व सैनिक राष्ट्र की सुरक्षा के मजबूत और सजग प्रहरी हैं।

### 13 प्राणियों को कराया अमृतपान

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार के तत्वावधान में अमृत संचार में 13 प्राणियों को धर्मप्रचार कमेटी, देहरादून ने अमृतपान करा कर गुरु वाले बनाया। श्री गुरु नानक देव जी महाराज जी के 552वें प्रकाश पुरव के उपलक्ष्य में धर्मप्रचार कमेटी के पंज प्यारों द्वारा 13 प्राणियों को अमृत पान करा कार गुरु वाले बनाया एवं उन्हें अमृत की महिमा के बारे में बताया स गुरु घर से पंज प्यारों एवं अमृत पान करने वालों को सरोपे देकर सम्मानित किया गया।

### पद्मश्री कल्याण सिंह रावत को दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। मैती आंदोलन के प्रणेता एवं पर्यावरणविद पद्मश्री कल्याण सिंह रावत को भारत सरकार से पद्मश्री सम्मान मिलने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उनके निवास पर जाकर उनको बधाई प्रेषित की गई।
इसी परिपेक्ष में अखिल गढ़वाल सभा दून के निवर्तमान महासचिव गजेंद्र सिंह भंडारी एवं विष्णुपुरम विकास समिति नकरौंदा के अध्यक्ष शेर सिंह असवाल, महासचिव सुबोध मनोड़ी आदि ने पद्मश्री कल्याण सिंह रावत के घर पर जाकर उनसे मुलाकात की और पद्मश्री मिलने पर बधाई दी।

# निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही नहीं कि जाएगी बर्दाश्त

**आदेश**

■ बूथ से गायब वर्कर्स–बीएलओ का रोका मानदेय

■ जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद डीपीओ ने किए आदेश

**संवाददाता**

देहरादून। डीएम की ओर से बूथों के निरीक्षण के दौरान जिन तीन बूथों पर आँगबाड़ी वर्कर्स और बीएलओ अनुपस्थित पाई गई। उन तीनों नवंबर महीने के मानदेय रोकने के आदेश जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र की ओर से किये गए। अखिलेश ने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी–जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से किये गये औचक निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी वर्कर्स नीता मठवाल (आंगनवाडी केन्द्र हर्रावाला), संगीता राणा (आंगनवाडी केन्द्र नालापानी) एवं रेखा रावत (आंगनवाडी केन्द्र आमवाला तरला गांव) जिनकी ड्यूटी बीएलओ के रूप में है, बूथ पर अनुपस्थित पाई गई ।



इस पर डीपीओ ने कहा कि इस सम्बन्ध में पूर्व में भी आपको निर्देश दिये गये है कि जिस तिथि को भारत निर्वाचन आयोग या मुख्य निर्वाचन अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर से बीएलओ को बूथ पर बैठने के निर्देश जाारी होता है, उस तिथि को निर्धारित समयावधि तक अनिवार्य रूप से सम्बन्धित बीएलओ बूथ पर रहेगी। इसके अतिरिक्त अपने क्षेत्र के 18 वर्ष से अधिक आयु के समस्त व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने की पूर्ण जिम्मेदारी उनकी होगी, परन्तु सम्बन्धित बीएलओ–आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा उक्त आदेशों की अवहेलना की गई है।

अतः निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में इस प्रकार की लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवेहलना करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ती–बीएलओ नीता मठवाल, संगीता राणा एवं रेखा रावत का माह नवम्बर का मानदेय आहरित न करने के निर्देश निर्गत किये जाते है।

डीपीओ अखिलेश मिश्र ने कहा कि भविष्य में किसी भी बीएलओ के बूथ से अनुपस्थित रहने की दशा में तत्काल प्रभाव से उनकी मानदेय सेवा समाप्त करने के निर्देश जारी कर दिये जायेगे तथा सम्बन्धित सेक्टर सुपरवाइजर एवं सीडीपीओ के विरूद्व कठोर कार्यवाही प्रसारित कर दी जायेगी।

# मेरा बूथ मेरा गौरव कार्यक्रम आयोजित

**बैठक**

■पूर्व सीएम हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**संवाददाता**

देहरादून। कैंट विधानसभा के राजेंद्रनगर गली नंबर 11 में प्रदेश महामंत्री और पूर्व राज्यमंत्री नवीन जोशी के नेतृत्व में मेरा बूथ मेरा गौरव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कैंप कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के लिए कार्यकर्ताओं को जोड़ना है और नए सदस्य बनाने हैं ताकि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को और मजबूती मिल सके और आने वाले समय में भाजपा को सत्ता विहीन करके उचित सबक सिखाया जाए।



उत्तरांखड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह पहुंचे। प्रीतम सिंह का नवीन जोशी और उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा लोगों को झूठे वादें कर रही है। प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा पुराने वादों को भूलाकर नए नए मुद्दे लेकर जनता के सामने आती है। प्रीतम सिंह ने कहा कि हमारा बूथ मजबूत होगा तो हमारा गौरव भी मजबूत होगा। कार्यकर्ता बूथ स्थर पर जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें और बूथ को मजबूत करने का काम कर रहे है। प्रीतम सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता के पास अब तीन माह का समय है। कांग्रेस कार्यकर्ता का दायित्व बनता है कि वो अपने बूथ को मजबूत करने का काम करें। ऐसा करने से अवश्यक ही राज्य में कांग्रेस की वापसी होगी। किसानों से वादा किया भाजपा ने भूला दिया है। वर्ष 2014 में सत्ता में आने के लिए भाजपा ने जो वादे किए थे। वह आज तक पूरे नहीं हुए है। प्रीतम सिंह ने कहा कि महंगाई का हाल किसी से छिपा नहीं है। रसोई गैस का सिलेंडर 1000 रुपये पर पहुंच गया है। प्रीतम सिंह ने कहा कि भू कानून को लेकर आंदोलनकारी सड़कों पर है, और तीर्थ पुरोहित भी संघर्ष करने का काम कर रहे है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सत्ता में बैठी भाजपा सरकार से लोग त्रस्त है।

In a Digital World Why To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+
Scan This Code
Read News
Watch News Channel





### हमारा संकल्प हर घर को करेंगे रोशनी से रौशनः कर्नल कोठियाल

**संवाददाता** देहरादून। इगास पर्व उत्तराखंड का पारंपरिक लोकपर्व है ,जो बडे ही हर्षोलास के साथ पूरे प्रदेश में बडी ही धूमधाम से मनाया जाता है। आम आदमी पार्टी ने भी इस पर्व को बडी ही धूमधाम से पूरे प्रदेश में मनाया। इस दौरान कर्नल कोठियाल ने पूरे प्रदेश वासियों को इगास पर्व की ढेरों शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इगास को बूढी दीपावली भी कहा जाता है। भगवान राम चन्द्र जी के अयोध्या पहुंचने की सूचना उत्तराखंड में 11 दिन बाद आई थी, तो लोगों ने उसी दिन को दीपावली के रुप में मनाना शुरु किया, जो अब पूरे प्रदेश में इगास के नाम से मनाई जाती है। इगास के इसी त्योहार पर आज देहरादून में मोथरावाला रोड पर आप कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया जहां आप सीएम प्रत्याशी कर्नल कोठियाल भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भैलों खेलकर इस त्योहार को मनाया। आप द्वारा आयोजित इगास के इस आयोजन में कर्नल कोठियाल के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने दीप प्रज्जवलित करते हुए इगास के कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत गढ़वाली गीतों के साथ हुई।

### आप नेता रविंद्र आनंद ने किया कैंट विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने कैंट विधानसभा के गोविंदगढ़ क्षेत्र में लोगों में जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों में आम आदमी पार्टी के प्रति उत्साह देखने को मिला। रविंद्र आनंद रविवार को कैंट विधानसभा के गोविंदगढ़ क्षेत्र श्रीरामपुरम हरे कृष्णा विहार एवं गोविंदगढ़ की विभिन्न कालोनियों में जनसंपर्क करने अपनी टीम के साथ उतरे।

इस दौरान लोगों ने भी खुल कर उनसे अपनी मन की बात साझा की और कहा कि पिछले 21 सालों में वे दोनों ही पार्टियों को देख चुके है, मौका दे चुके है लेकिन दोनों ही पार्टियों ने उनके साथ धोखा किया है और उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। इस पर रविंद्र आनंद ने आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली मे चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और दिल्ली मॉडल को उत्तराखण्ड में लागू करने की बात कही।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।